EMA INDIA LIMITED
CIN:L27201UP1971PLC003408
Mfrs. of Induction Heating and Honing Machines & Accessories

11 November, 2022

To,
Manager-CRD,
BSE Limited,
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street,
Mumbai-400001

Dear Sir / Ma'am,

**Sub: Copy of Advertisement published in Newspaper- Standalone Un-audited Financial Results for the Quarter and Half year ended 30th September, 2022.**

**Re: EMA India Limited; Scrip Code: 522027**

Pursuant to the provision of Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, enclosed herewith the copies of advertisement published in 'Financial Express' English Edition and 'Rashtriya Sahara' Hindi Edition on 11th November, 2022 for Standalone Un-audited Financial Results for the Quarter and Half Year ended 30th September, 2022.

Kindly take the same on your records.

Thanking You,

Yours faithfully

**For EMA India Limited**

**(Namita Sabharwal)**
**Company Secretary and Compliance Officer**
**Membership no.- A35411**

**Encl:** As above

Regd. Office & Postal Address: EMA INDIA LTD., C-37, Panki Industrial Area, P.O. Udyog Nagar, Kanpur-208 022, INDIA

Honing Machine Division: GEHRING INDIA (A Div. of Ema India Ltd.), Vill. Maharajpur, 19th Km. Stone, P.O. Tantiyaganj, Mandhana, Kanpur Dehat-209 203, INDIA

EMA Tel. +91-512-691210-11-12-13, Fax +91-512-691214
GEHRING Tel. +91-5112-20105, 20107, Fax +91-5112-20100
E-mail: emaın@lw1.vsnl.net.in

अहंकार मिटा सब मिथ्या है, संकीर्ण वृत्ति को पास न ला। विपदा में यदि तनिक न डोला,मिट जाएगा गम का चोला। प्राणों को हाथों में रखकर, गम को पास न आने दो। एकीभूत करो आत्मा को बाकि सब मिट जाने दो।

——— डा. रमेश पोखरियाल 'निशंक', पूर्व केंद्रीय मंत्री

## 29 नवंबर से कार्य बहिष्कार शुरू करेंगे बिजली कर्मचारी

**कानपुर (एसएनबी)।** ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबंधन के स्वेच्छाचारी दमनात्मक रवैये के विरोध में और विद्युत कर्मचारियों, संविदा कर्मचारियों, अवर अभियंताओं की वर्षों से लंबित समस्याओं व मांगों को लेकर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने केस्को मुख्यालय पर सभा का आयोजन किया। इसमें मांगें पूरी न होने पर 29 नवंबर से कार्यबहिष्कार शुरू करने की चेतावनी दी गयी।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र के आह्वान पर 29 नवंबर से सभी ऊर्जा निगमों में अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार करने की नोटिस अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा) को भेज दी गयी है। नोटिस में लिखा है कि बिजली कर्मियों की वर्षों से लंबित समस्याओं के समाधान पर सार्थक कार्रवाई न होने के कारण समिति ने ध्यानाकर्षण के लिए आंदोलन का निर्णय लिया है। 29 नवंबर को कार्यबहिष्कार से पूर्व 17 को लखनऊ में मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। 21 नवंबर को विरोध सभाएं,22 से आंदोलन शुरू होगा। बिजली कर्मचारियों, अवर अभियंताओं, अभियंताओं की विभिन्न मांगों का समय निस्तारण किया जाए। सभा में शैलेंद्र दुबे, जितेंद्र सिंह गुर्जर, विजय त्रिपाठी, जीवी पटेल, सद्रुद्दीन राना, भगवान मिश्र आदि मौजूद रहे।

इक्वेटोरियल न्यू गिनी में बंधक बनाये गये रोशन अरोड़ा का मामला

## परिजनों का पैदल मार्च, बंधकों को रिहा करा भारत लाने की मांग

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**कानपुर।**

इक्वेटोरियल न्यू गिनी में बंधक बनाये गये नेवी के 26 क्रू मेंबर्स के मामले में गुरुवार को गोविन्दनगर में रहने वाले रोशन अरोड़ा के परिजनों ने पैदल मार्च निकाल कर सभी बंधकों को भारत लाने की मांग की। पैदल मार्च में स्थानीय लोगों के साथ भाजपा के पदाधिकारी में शामिल हुये। बंधक बनाये गये रोशन आरोड़ा ने बुधवार देर रात एक और वीडियो भेजकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से गुहार लगाई थी, रोशन ने वीडियो में गिनी द्वारा उन्हें नाइजीरिया को सौंपा जाने की बात कर रहा था।

पश्चिमी अफ्रीका के पापुआ न्यू गिनी में मर्चेंट नेवी शिप को तीन माह से बंधक बनाये हुये है,बंधकों में गोविन्दनगर निवासी रोशन आरोड़ा भी शामिल है। रोशन अरोड़ा ने जब से बंधक बनाये जाने का वीडियो भेजा है। तब से उसके परिजनों का बुरा हाल है।




गोविंद नगर से पैदल मार्च निकालते रोशन अरोड़ा के परिजन व अन्य लोग। फोटो : एसएनबी

परिजन प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री से मदद की गुहार लगा रहे हैं।

रोशन के पिता मनोज आरोड़ा ने बताया कि उनका बेटा रोशन आरोड़ा मर्चेंट नेवी में असिस्टेंट ऑफिसर है। रोशन हीरोइक इदुन शिप कम्पनी के जरियें 8 अगस्त को कच्चा तेल लोड करने के लिये नाइजीरिया गया था। शिप में कुल 16 भारतीय, 6 श्रीलंका,1 पोलैंड,1 फिलिपींस और 2 अन्य मर्चेंट अफसर भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि

**तीन माह से 26 क्रू मेंबर के साथ बनाये गये हैं बंधक**

शिप में माल लोड होने के बाद शिप नाइजीरिया से निकला,लेकिन गिनी के पास शिप को रोक लिया गया और सभी अफसरों को बंधक बना लिया गया। रोशन अरोड़ा पिछले कई दिनों से वीडियो के माध्यम से परिजनों से सम्पर्क कर मुक्त कराने की गुहार लगा रहे है।

इधर उसके परिजन भी पीएम से लेकर सीएम तक बेटे को वापस भारत लाने की गुहार लगा रहे है। इसी क्रम में गुरुवार को रोशन के परिजनों ने इलाकाई लोगों व भाजपा के पदाधिकारियों के साथ गोविन्द स्थित नटराज सिनेमा से पैदल मार्च निकाला और चावला मार्केट चौराहे पहुंच कर मार्च के माध्यम से भारत सरकार से उनके बेटे के साथ-साथ सभी 26 क्रू मेम्बरों को सकुशल भारत वापस लाने की अपील की।

## विधायक की तलाश में सपा मुख्यालय और सरकारी आवास पर पहुंची पुलिस

**कानपुर (एसएनबी)।** विवादित प्लॉट के स्वामित्व को लेकर आगजनी और धमकाने के मुकदमे में फंसे सपा विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी मुकदमा दर्ज होने के दो दिन बाद भी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। हालांकि कमिश्नरेट पुलिस ने दोनों की तलाश में लखनऊ में सपा मुख्यालय और दारूलशफा स्थित सरकारी आवास सहित आठ स्थानों पर दबिश डाली, मगर वह हाथ नहीं आए। दूसरी ओर पुलिस ने कानपुर में भी विधायक के करीबी पांच रिश्तेदारों के घर छापा मारा, लेकिन यहां भी सफलता नहीं मिली। यही नहीं विधायक और उनके भाई के मोबाइल भी बंद आ रहे हैं।

सपा विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी के खिलाफ जाजमऊ थाने में नजीर फातिमा नाम की एक महिला ने मंगलवार को बलवा, आगजनी और धमकाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद मंगलवार की देर रात जाजमऊ पुलिस ने विधायक के घर दबिश डाली थी। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले ही विधायक वहां से चले गए। बाद में जानकारी मिली कि विधायक लखनऊ में है और सपा मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर सकते हैं। वैसे विधायक द्वारा कोई प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन नहीं किया गया।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक विधायक और उनके भाई की तलाश में एक टीम सपा मुख्यालय पर पहुंची थी। वहां जानकारी मिली कि विधायक कुछ देर वहां रुके जरूर थे। एक-दो लोगों से बातचीत की और चले गए। पुलिस की एक टीम दारुलशफा स्थित विधायक आवास पर भी पहुंची। वहां से जानकारी मिली कि विधायक इस घटनाक्रम के बाद अपने सरकारी आवास पर नहीं पहुंचे हैं। पुलिस के मुताबिक विधायक और उनके भाई के मोबाइल बंद हैं, इसलिए उनकी कोई लोकेशन पुलिस नहीं ट्रेस कर पाई है।

### नगर में आज

- ■ प्रातः 8 बजे से : किया फ्रैंडशिप कप का आयोजन रतनलाल शर्मा स्टेडियम एन-ब्लाक किदवईनगर में।
- ■ प्रातः 8 बजे से : आर्य समाज जूही का तीन दिनी वार्षिकोत्सव आर्यसमाज मंदिर जूही में।
- ■ प्रातः 9 बजे से : एलन हाउस पब्लिक स्कूल खलासी लाइन में साइबर सिक्योरिटी पर वर्कशॉप।
- ■ प्रातः 11 बजे : रामा विश्वविद्यालय मंधना का दीक्षांत समारोह, राज्यपाल व महाना अतिथि।
- ■ शाम 4 बजे : जेके ग्रुप का स्थापना दिवस जेके मंदिर में, आरएसएस के कृष्ण गोपाल व महाना अतिथि, पद्म भूषण पं.विश्व मोहन भट्ट की प्रस्तुति।
- ■ शाम 5 बजे से : पूर्णचंद्र विद्या निकेतन में वार्षिकोत्सव, डीएम अतिथि।

लोन कराने के नाम पर

## ठगी करने वाले तीन शातिर गिरफ्तार

**समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर कम्पनी का देते थे फोन नम्बर**

**ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बनाते थे अपना शिकार**

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**कानपुर।**

फर्जी कम्पनी खोलकर लोगों को लोन देने के नाम पर उनसे ठगी करने वाले तीन शातिर जालसाजों को कल्याणपुर और एसओजी की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया है। जालसाजों की फर्जी कम्पनी के कार्यालय से पुलिस ने भारी मात्रा में फर्जी दस्तावेज, लैपटॉप, फाइनेन्स के फार्म, आईडी, चेकबुक और आधार कार्ड बरामद हुए हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

एसओजी टीम को बुधवार दोपहर को सूचना मिली कि कल्याणपुर के अवधपुरी में फर्जी फाइनेन्स कम्पनी बनाकर शातिर जालसाज लोगों को लोन देने का झांसा देकर अपनी ठगी का शिकार बना रहे हैं। इस सूचना पर एसओजी ने कल्याणपुर पुलिस से सम्पर्क किया। इसके बाद दोनों संयुक्त टीमों ने मुखबिर द्वारा बताये गये अवधपुरी स्थित ज्ञान फिन सेल्फ सर्विसेज के कार्यालय पर छापा मारा तो वहां तीन लोग बैठे मिले। पुलिस को देखकर पहले तीनों ने पुलिस को अर्दब में लेने का प्रयास किया, लेकिन जब



कल्याणपुर में पकड़े गए शातिर जालसाजों के बारे में जानकारी देते पुलिस अधिकारी। फोटो : एसएनबी

पुलिस को वहां पर भारी संख्या में फर्जी दस्तावेज मिले तो तीनों के तेवर ढीले हो गये। इसके बाद पुलिस तीनों को पकड़कर थाने ले आयी। डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों ने अपना नाम कन्नौज के तिर्वा दुर्गा नगर निवासी आदविक निगम, आवास विकास तीन आंबेडकरपुरम निवासी अविनाश चंद्र उर्फ त्यागी और नवाबगंज निवासी प्रदीप कुमार श्रीवास्तव उर्फ केके उर्फ अभिषेक कुमार श्रीवास्तव उर्फ कुलदीप कुमार श्रीवास्तव उर्फ सीमांत चितरांश बताया। डीसीपी ने बताया कि तीनों आरोपियों ने लोगों से ठगी करने के लिए एक फर्जी फाइनेन्स कम्पनी खोली इसके बाद उन्होंने लोन देने के लिए समाचार पत्रों में विज्ञापन देना शुरू कर दिया और विज्ञापन में अपनी कम्पनी का फोन नम्बर दे दिया। जो लोग उनसे लोन के लिए सम्पर्क करते शातिर उनसे फाइल चार्ज, रजिस्ट्रेशन फीन, प्रोसेसिंग फीस के नाम

**मुखबिर की सूचना पर कल्याणपुर पुलिस को मिली सफलता**

**फर्जी कम्पनी खोलकर लोगों को लोन लेने का देते थे झांसा**

**भारी संख्या में फर्जी दस्तावेज चेक बुक और क्रेडिट कार्ड बरामद**

पर अपने खाते में रुपये डलवा लेते थे। इसके बाद वह अपनी कम्पनी के फर्जी बांड भेजते थे और उस पर तहसील के रजिस्ट्रार का हस्ताक्षर कराने के लिए कहते थे। आवेदक हस्ताक्षर करा नहीं पाता था और इस प्रकार वह उसे चूना लगा देते थे। यह लोग ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अपना शिकार बनाते थे, जिससे वह कहीं कोई शिकायत न कर सके। डीसीपी ने बताया कि उनके पास से भारी मात्रा में फर्जी दस्तावेज जिसमें आधार कार्ड, निर्वाचन कार्ड, पैन कार्ड, डेबिट व क्रेडिट कार्ड, मास्टर कार्ड, मुहर, मोबाइल, आवेदन फार्म खाली और भरा हुआ, चेक बुक, बांड, लेटर पैड, रसीदी बुक, लैपटॉप, डीएल, पासपोर्ट आदि बरामद हुआ है। तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## स्कूल में छात्रा का वीडियो बनाया, विरोध पर परिजनों से मारपीट की

**कानपुर (एसएनबी)।** स्वरूप नगर थाने में महिला की तहरीर पर कुमारी उद्यान विद्यालय की प्रधानाचार्य और शिक्षिकाओं के खिलाफ संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोप है कि स्कूल की शिक्षिका ने उनकी बेटी और उसकी सहपाठी का वीडियो बनाया। जब पीड़ित परिवार ने विरोध किया तो स्कूल प्रशासन के लोगों ने उनके साथ मारपीट की जिससे मां-बेटी को गंभीर चोटें आयी। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस स्कूल के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है।

स्वरूपनगर थाने में रतनलाल नगर निवासी महिला रीतू पाठक ने कुमारी उद्यान विद्यालय अशोक नगर की प्रधानाचार्य रिया, शिक्षिका रेनू सिंह, गीता सिंह, मिस अंजू, सौरभ और दुबे नाम के अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 147, 149, 323, 504 व 506 में रिपोर्ट दर्ज करायी है। तहरीर के मुताबिक पीड़िता की (16) वर्षीय बेटी विद्यालय में कक्षा-11 की छात्रा है। बेटी व उसके सहेली परीक्षा के संबंध में आपस में वार्ता कर रहीं थी कि शिक्षिका रेनू सिंह ने अपने फोन से दोनों का वीडियो बना लिया। इसकी जानकारी बेटी ने घर आकर दी। आरोप है कि इसके उपरांत स्कूल से फोन आया तो पीड़िता अपनी बड़ी बेटी के साथ स्कूल गई। आरोप है कि वीडियो को लेकर जब पीड़िता ने शिकायत की तो स्कूल की शिक्षिकाओं व प्रधानाचार्य ने मारपीट शुरू कर दी। इस बीच दोनों मां-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि अब स्कूल प्रशासन द्वारा उनकी बेटी को स्कूल से निकालने की धमकी दी जा रही है। पीड़िता की आपबीती सुनकर पुलिस आयुक्त के निर्देश पर स्वरूप नगर थाने में शिक्षिकाओं व प्रिंसिपल के खिलाफ संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस स्कूल के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।


### विशेष रेलगाड़ियों के अतिरिक्त फेरों का संचालन

रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों के अतिरिक्त फेरों का संचालन किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से– स्टेशन तक | संचालन का दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि तक | विस्तारित तिथि तक |
|---|---|---|---|---|
| 05193 | छपरा जं.–पनवेल | मंगलवार | 08.11.22 | 15.11.2022 |
| 05194 | पनवेल–छपरा जं. | बुधवार | 09.11.22 | 16.11.2022 |
| 05053 | गोरखपुर जं.–बांद्रा ट. | बुधवार | 09.11.22 | 16.11.2022 |
| 05054 | बांद्रा ट.–गोरखपुर जं. | गुरूवार | 10.11.22 | 17.11.2022 |

नोट– रेलगाड़ियों की समय–सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे 1516/22(DG)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR



### EMA INDIA LIMITED

CIN : L27201UP1971PLC003408

Regd. Office: C-37 Panki Industrial Area, Udyog Nagar, Kanpur - Uttar Pradesh

Website: www.eiltd.info, E-mail: emaindia.cs@gmail.com

Extract of Unaudited Financial Results for the Quarter and Half year ended 30th September, 2022

(Rs. in Lakhs except per share data)

| Sl. No. | Particulars | Quarter ended 30.09.2022 (Unaudited) | Half year ended 30.09.2022 (Unaudited) | Quarter ended 30.09.2021 (Unaudited) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | (12.18) | (29.08) | (12.89) |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (12.18) | (29.08) | (12.89) |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (12.18) | (29.08) | (12.89) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (12.18) | (29.08) | (12.89) |
| 6 | Equity Share Capital | 100.50 | 100.50 | 100.50 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve)* | - | - | - |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) - 1. Basic: 2. Diluted: | (1.21) (1.21) | (2.89) (2.89) | (1.28) (1.28) |

Note- (a) The above is an extract of the detailed format of Quarterly and Half yearly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly and Half Yearly Financial Results are available on the Stock Exchange website: www.bseindia.com and on company's website: www.eiltd.info (b) The financial results were approved by the Board of Directors at their meeting held on 10th November, 2022 (c) The Statutory Auditors of the Company have carried out the limited review in respect of the unaudited financial results for the Quarter and Half Year ended 30th September, 2022.

Place : Kanpur
Date : 10/11/2022

For EMA India Limited
Sd/-
Ranjana Bhargava
(Whole Time Director)


## एक दिसम्बर से शताब्दी हफ्ते में 3 दिन होगी निरस्त

**कानपुर (एसएनबी)।** कोहरा पड़ने की संभावनाओं को देखते हुए रेल प्रशासन ने कानपुर शताब्दी को एक दिसम्बर से सप्ताह में तीन दिन निरस्त रखने का निर्णय लिया है। इसके अलावा कानपुर- चित्रकूट एक्सप्रेस, झांसी व आगरा इंटरसिटी सहित मेल व एक्सप्रेस श्रेणी की कुछ अन्य ट्रेनों भी तय तिथियों पर निरस्त रहेंगी।

अभी ठन्ड की भी शुरुआत ढंग से नहीं हुई है, लेकिन रेल प्रशासन ने कोहरे से प्रभावित होने वाली ट्रेनों को निरस्त करने का निर्णय लिया है। इस क्रम में कानपुर सेंट्रल से नई दिल्ली के बीच सप्ताह में छह दिन रफ्तार भरने वाली कानपुर शताब्दी (रिवर्स शताब्दी) को सप्ताह में तीन दिन निरस्त करने का निर्णय लिया है। ट्रेन नम्बर 12033/12034 कानपुर-नई दिल्ली शताब्दी एक दिसम्बर 2022 से सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार व शनिवार को निरस्त रहेगी। यह ट्रेन सप्ताह के इन तीन दिनों में 28 फरवरी 2023 तक नहीं चलेगी।

इसी क्रम में प्रतिदिन चलने वाली 22441/22442 कानपुर-चित्रकूट धाम एक्सप्रेस ट्रेन भी 1 दिसम्बर से 28 फरवरी 2023 तक रद रहेगी। सप्ताहिक ट्रेन 22198/22197 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी- कोलकाता एक्सप्रेस भी 2 व 4 दिसम्बर से 24 व 26 फरवरी 2023 तक नहीं चलेगी। कानपुर सेंट्रल होकर प्रतिदिन चलने वाली 11123 ग्वालियर- बरौनी मेल 1 दिसम्बर से 27 फरवरी 2023 सप्ताह के प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को निरस्त रहेगी। इसी प्रकार कई एक्सप्रेस गाड़ियां निरस्त की गयी।

## विश्व में 54 करोड़ वयस्क मधुमेह का शिकार



**कानपुर।** डायबिटीज प्रबंधन के लिये नयी-नयी तकनीक इसका प्रबंधन सरल एवं सुगम बनाती जा रही हैं। चिकित्सकों को इन नयी तकनीकों से रूबरू कराने के लिये कानपुर डायबिटीज एसोसियेशन केडकान -2022 का आयोजन कैंट स्थित किंग्सटन रिसार्ट में 12 नबंवर से कर रहा है, जिसमें देश के ख्याति प्राप्त आठ सौ चिकित्सक शिरकत करने आ रहे हैं। यह जानकारी गुरुवार को एसो. की आयोजक समिति के चेयरमैन डॉ. नंदिता रस्तोगी, डॉ. ब्रिज मोहन, वर्तमान अध्यक्ष डॉ. भाष्कर गांगुली, डॉ. अनुराग मेहरोत्रा आदि पदाधिकारियों ने पत्रकारों को दी।

कानपुर डायबिटीज एसो. के पदाधिकारियों ने बताया कि राष्ट्र स्तरीय अधिवेशन में देश विदेश से 40 वक्ता आ रहे हैं। जिसमें पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त डॉ. केके त्रिपाठी वाराणसी से और दिल्ली से डॉ. अनूप मिश्रा समेत कुल आठ सौ चिकित्सक और डाइटिशियन आयेंगे। इसी के साथ दिल्ली से कनिका नारंग, सुनीता अस्थाना आदि अधिवेशन में शामिल होंगी। दो दिवसीय अधिवेशन की जानकारी देते हुये डॉ. नंदिनी रस्तोगी ने बताया कि इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन के आंकड़ों के मुताबिक विश्व में 53.70 करोड़ वयस्क मधुमेह की चपेट में हैं। यह संख्या 2030 तक 64.30 करोड़ पहुंच जायेगी। इसमें 45 प्रतिशत लोगों को पता ही नहीं चलता कि वे कब मधुमेह से ग्रस्त हुये। डॉ. रस्तोगी ने बताया कि किंग्सटन रिसार्ट में 12 नबंवर की दोपहर एक बजे के लगभग दो दिवसीय अधिवेशन का शुभारंभ होगा। वार्ता में डॉ. दीपक याज्ञनिक, डॉ. प्रीति अहूजा आदि प्रमुख थे। साल में 67 लाख लोगों की मौत अकेले डायबिटीज से हो जाती है।

## केमिकल कारोबारी की आत्महत्या के मामले में तीन के खिलाफ मुकदमा

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**कानपुर।**

बर्रा में केमिकल कारोबारी के आत्महत्या प्रकरण में पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर गेस्ट हाउस संचालक समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बुधवार को कारोबारी ने सूदखोरी से परेशान होकर आत्महत्या की थी।

बर्रा निवासी केमिकल कारोबारी संजय गुप्ता की पत्नी वर्षा गुप्ता ने बर्रा थाने में गेस्ट संचालक मान सिंह, संजीव शुक्ला व आशीष मिश्रा के खिलाफ तहरीर देते हुये बताया कि कारोबार के दौरान राम अवतार को उनके पति संजय ने तीन लाख का माल उधार दिया था। पैसे मांगने पर वह आनाकानी कर रहे थे। पैसे न मिलने पर व्यापार के लिये पति ने मानसिंह व उनके दोनों साथियों से 90 हजार रुपये उधार लिये थे। पैसे देने के दौरान आरोपितों ने पति से ब्लैक चेक पर हस्ताक्षर करा लिये थे। पति ने धीरे-धीरे उनके पैसे लौटा दिये,लेकिन आरोपित पति से ब्याज के रूप में पांच लाख रुपये की और मांग कर रहे थे। आरोपितों ने पति से घर के कागजात भी ले लिये और दो दिन में पैसा न लौटाने पर घर बेचने की धमकी दे रहे थे। जिसके चलते उनके पति ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।


### कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता

बांदा वृत्त, लो.नि.वि. बांदा

पत्रांक : 394/35 सी-बांदा वृत्त/2022 दिनांक : 05.11.2022

ई-निविदा सूचना (अल्पकालीन)

राज्यपाल उ.प्र. की ओर से उ.प्र. लोक निर्माण विभाग के निम्नानुसार निम्नलिखित कार्य हेतु मार्ग कार्य हेतु पात्र पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दशाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा मूल्य | कार्य का पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | चित्रकूट | विकास खण्ड चित्रकूट के ग्राम पंचायत गोण्डा में राष्ट्रीय राजमार्ग-35 हाई-वे के पास से गोण्डा सम्पर्क मार्ग लम्बाई 1.500 किमी.। सम्पर्क मार्ग की चौड़ाई 07 मीटर। | 382.00 | 21.10 | रु. 2720.00 (जीएसटी सहित) | 06 माह | A |

बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 15.11.2022 से 21.11.2022 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 21.11.2022 को समय 12.00 बजे तक अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 22.11.2022 को दोपहर 03.00 बजे, अधीक्षण अभियन्ता, बांदा वृत्त, लो.नि.वि., बांदा में खोली जायेगी।

निविदाएं प्रहरी साफ्टवेयर पर अपलोड की जायेंगी तथा निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जायेगा, जिसका विवरण प्रपत्र में उल्लिखित है। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकरी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

सत्येन्द्रनाथ
अधिशासी अधिकारी
प्रान्तीय खण्ड, लोनिवि
कर्वी (चित्रकूट)

सुरेन्द्र कुमार
अधीक्षण अभियन्ता
बांदा वृत्त, लोनिवि
बांदा

उ.प्र. 181410 दि. 09.11.2022 वेबसाइट : www.upgov.nic.in


## दीपावली में शहर को दहलाने की थी तैयारी, एजेंसियों की सक्रियता से विफल

**कानपुर से पकड़े गये पीएफआई के एजेंटों ने पूछताछ में किया खुलासा**

**पटाखों की आवाज के बीच करना था धमाका, मेरठ में बना था प्लान**

**एजेंसियों की छापेमारी के चलते मचा हड़कम्प, संदिग्ध हुए अंडरग्राउंड**

**जांच में मिले सात लोगों के सोलह मोबाइल फोन भी हुए स्विच ऑफ**

**शिकंजा कसने पर घरों में ताला बंदकर परिवार संग भाग निकले संदिग्ध**

**कानपुर (एसएनबी)।** प्रतिबंधित संगठन पीएफआई दीपावली के समय शहर में बड़ी वारदात करने की फिराक में था, लेकिन एनआईए और एटीएस की सक्रियता के चलते वह अपनी योजना का अंजाम नहीं दे सका। कानपुर से पकड़े गये पीएफआई के सदस्यों ने पूछताछ में इसके अलावा भी कई राज उगले हैं। वहीं सुरक्षा एजेंसियों के लगातार छापेमारी से संगठन से जुड़े लोगों में हड़कम्प मच गया है। एजेंसी को मिले सात संदिग्धों के 16 मोबाइल नम्बर जांच में बंद मिले हैं, वहीं उनके घरों में भी ताला पड़ा हुआ है। एजेंसियों की सक्रियता के चलते वह अंडरग्राउंड हो गये हैं।

अनवरगंज स्थित बेबिस कमाउन्ड से सुरक्षा एजेंसी ने पीएफआई के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर अपने साथ दिल्ली ले गयी थी, जिनसे दिल्ली की सेल में पूछताछ की जा रही है। सूत्रों की मानें तो आरोपियों ने बहुत राज उगले हैं। एनआरसी और सीएए में हुए नुकसान और तीन जून को हुए उपद्रव में भी इन आतंकियों को मुंह की खानी पड़ी थी, जिसकी वजह से उनके निशाने पर कानपुर है। 3 जून को हुए उपद्रव के बाद हयात जफर हाशमी और आतंकी फंडिंग से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी के बाद संगठन शहर में पूरी तरह से दम तोड़ चुका है। इसकी खिसियाहट मिटाने के लिए जून 2022 के अंतिम दिनों में संगठन की मेरठ में हुए बैठक में कानपुर में बड़ी आतंकी वारदात अंजाम देने की प्लानिंग बनी थी।

प्लानिंग के तहत वारदात के लिए दीपावली का समय निर्धारित किया गया था। दीपावली के कुछ दिन पहले सुरक्षा एजेंसियों ने हाई अलर्ट घोषित कर दिया था। जिसके तहत एजेंसियां अलर्ट हो गयीं थीं। कानपुर के लिए विशेष इनपुट था, जिसके बाद कानपुर कमिश्नरेट ने शहर के प्रवेश और निकासी प्वाइंट को पूरी तरह से सील कर रखा था। हर आने-जाने वाले की तलाशी ली जा रही थी और हर संदिग्ध पुलिस की रडार पर था। दीपावली पर पुलिस, पीएसी और सुरक्षा एजेंसी अलर्ट मोड पर रहीं और रही सही कसर सूर्य ग्रहण ने पूरी कर दी। ग्रहण के कारण सड़क पर सन्नाटे के कारण एजेंसियों को अपना काम करने का मौका मिल गया। एजेंसियों की सक्रियता के चलते पीएफआई के सदस्या अपनी योजना को अंजाम नहीं दे पाये। पकड़े गये लोगों के पास से एजेंसियों को सात संदिग्ध लोगों के मोबाइल नम्बर मिले हैं। वह सात लोग 16 नम्बर प्रयोग कर रहे हैं, लेकिन एजेंसियों की सक्रिया के बाद सभी फोन बंद आ रहे हैं। एजेंसियों ने मोबाइल फोन की लोकेशन पता लगाने का भी प्रयास किया, लेकिन शायद संदिग्धों ने मोबाइल को भी तोड़कर फेंक दिया है, जिससे लोकेशन ट्रेस नहीं हो पा रही है।

वहीं एजेंसियों को कुछ संदिग्धों के घर का पता भी मिला था, जहां जब एजेंसी के लोग पहुंचे तो वहां ताला बंद था। संदिग्धों की तलाश में एलआईयू और एजेंसी के मददगारों को लगाया गया है। घनी आबादी वाले इलाकों में लगातार सुरागरसी की जा रही है। इलेक्ट्रिानिक सर्विलांस से भी निगरानी की जा रही है। कानपुर को लेकर एजेंसी सूत्रों का कहना है कि कुछ दिन बाद बड़ा ऑपरेशन शुरू किया जायेगा।

